हरिभूमि
# भिवानी-दादरी भूमि
रोहतक, शुक्रवार, 15 दिसंबर 2023

11 भिवानी जिले में 2147 एड्स के मरीज : डॉ. रघुबीर



12 हर रसोई तक जहरमुक्त खेती पहुंचाने की होगी शुरुआत



## खबर संक्षेप

### ग्रामीण महिला खेलकूद प्रतियोगिता आज

**चरखी दादरी।** महिला एवं बाल विकास विभाग की ओर से आज एससीआर स्कूल के मैदान में ग्रामीण खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। इस प्रतियोगिता में 17 से 30 वर्ष आयु वर्ग और 30 वर्ष से अधिक आयु वर्ग की ग्रामीण महिलाएं भाग ले सकती हैं। जिला परियोजना अधिकारी गीता सहारण ने बताया कि खेलकूद प्रतियोगिता में 5 किमी साईकिल रेस, 300 मीटर रेस व 400 मीटर की रेस और तथा 30 वर्ष से उपर की महिलाओं के लिए 100 मीटर रेस, मटका रेस का आयोजन किया जाएगा।

### ऊर्जा संरक्षण पुरस्कार के लिए 17 तक करें आवेदन

**चरखी दादरी।** ऊर्जा संरक्षण को बढ़ावा देने और बिजली खपत को कम करने को लेकर प्रदेश सरकार की ओर से वर्ष 2022-23 के लिए दो लाख रुपए तक के राज्य स्तरीय पुरस्कार दिए जाएंगे। नअतिरिक्त उपायुक्त डॉ. जयेन्द्र सिंह ने बताया कि वीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा विभाग हरियाणा व हरेडा द्वारा वर्ष 2022-23 के विभिन्न श्रेणियों के उपभोक्ताओं से राज्य ऊर्जा संरक्षण पुरस्कारों के लिए आवेदन आमंत्रित किए गए हैं, जिसके लिए आवेदन करने की अंतिम तिथि 17 दिसम्बर है।

### लोकसंपर्क व कष्ट निवारण समिति की बैठक 21 को

**चरखी दादरी।** 21 दिसंबर को दोपहर 12 बजे लघु सचिवालय के सभागार में जिला लोक संपर्क एवं कष्ट निवारण समिति की बैठक का आयोजन किया जाएगा। प्रदेश के श्रम एवं रोजगार मंत्री अनूप धानक बैठक की अध्यक्षता करेंगे और परिवादों की सुनवाई करेंगे। नगराधीश आशीष सांगवान ने बताया कि सरकार के निदेर्शों के अनुसार इस माह की जिला लोक संपर्क एवं कष्ट निवारण समिति की बैठक 21 दिसंबर को होगी। बैठक में श्रम एवं रोजगार मंत्री अनूप धानक बैठक की अध्यक्षता करेंगे। और बैठक में रखी जाने वाली शिकायतों की सुनवाई करेंगे।

कारी धारणी में कुंड की खुदाई का मामला

# लोहे व पत्थर की प्राचीन वस्तुएं मिलीं, एसडीएम ने पुलिस थाने में रखवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बाढ़ड़ा

बाढ़ड़ा उपमंडल के गांव कारीधारणी में जोड़नाथ मंदिर परिसर में कुंड की खुदाई के दौरान लोहे व पत्थर की प्राचीन वस्तुएं मिली हैं। खुदाई के दौरान मिली वस्तुओं को लेकर ग्रामीण आश्चर्यचकित हैं और उन्हें कुछ भी समझ नहीं आ रहा है। इन प्राचीन वस्तुओं के देखने के लिए ग्रामीणों की भीड़ एकत्रित हो गई है और सरपंच प्रतिनिधि ने डायल 112 पर कॉल कर इसकी जानकारी दी जिसके बाद ईआरवी टीम भी मौके पर पहुंची। बाद में एसडीएम सहित बाढ़ड़ा प्रशासन की टीम मौके पर पहुंची और इन प्राचीन वस्तुओं को पुलिस थाने में रखवा दिया है और पुरातत्व विभाग की टीम को सूचना दे दी गई है। बता दें कि कारी धारणी के जहलाणा जोहड़ स्थित बाबा जोहड़नाथ मंदिर परिसर में वर्ष के जल को स्टोरेज करने के लिए कुंड की खुदाई की जा रही है।

### जल संरक्षण के लिए बनाए जा रहे कुंड की जेसीबी से खुदाई में मिली प्राचीन वस्तुएं

जेसीबी से खुदाई के दौरान 10 से 15 फिट नीचे कुछ वस्तुएं दिखाई दी। जिससे बाद जेसीबी ऑपरेटर डर गया और उसने खुदाई बंद कर ग्रामीणों को इसकी सूचना दी। जिसके बाद ग्रामीण वहां एकत्रित हो गए और खुदाई से निकली वस्तुओं को एकत्रित किया गया। इन वस्तुओं में लोहे की कुल्हाड़ी के अलावा नुकीले औजार, लोहे का त्रिशुल, लोहे के रिंग, दीपक शामिल है। इसके अलावा पत्थर के गोलाकार, आयताकार व वगाकार टूकड़े शामिल है। इन औजारों को देखकर इतना तो स्पष्ट है कि ये काफी प्राचीन है लेकिप त्रिशूल व दीपक के साथ नुकीले औजार होने पर ग्रामीणों को कुछ समझ नहीं आ रहा है कि आखिर मामला क्या है।





**बाढ़ड़ा।** कुंड खुदाई के दौरान मिले लोहे व पत्थर के प्राचीन औजार तथा मौके पर पहुंची पुलिस टीम व लोगों की भीड़।

### ग्रामीणों ने डायल 112 को दी सूचना

सरपंच प्रतिनिधि ईश्वर सिंह ने इसकी सूचना डायल 112 टीम को दी, जिसके बाद ईआरवी टीम पहुंची। प्राथमिक जांच के बाद ईआरवी टीम इंचार्ज ने कहा कि ये संदिग्ध हथियार नहीं लग रहे, ये प्राचीन औजार नजर आ रहे हैं। उन्होंने कहा कि बाढ़ड़ा थाना पुलिस को सूचना दी गई है और पुरी स्थिति पुरातत्व विभाग की टीम ही स्पष्ट कर पाएगी। इस दौरान मौके पर गांव कारी धारणी सरपंच प्रतिनिधि ईश्वर सिंह, पूर्व सरपंच राजेश, संदीप, अत्तर सिंह,महिपाल, विजय, ब्रह्मपाल आदि मौजूद थे।

### पुरातत्व विभाग के हवाले करेंगे : एसडीएम

बाढ़ड़ा एसडीएम सुरेश कुमार ने कहा कि सूचना मिलने पर वे गांव कारी धारीणी पहंचे और देखा की खुदाई के दौरान कुछ लोहे व पत्थर की वस्तुएं मिली है। उन्होंने बताया कि इन वस्तुओं को वहां से बाढ़ड़ा पलिस थाने में रखवा दिया है और पुरातत्व विभाग को इसकी सूचना दे दी गई है। शुक्रवार को पुरातत्व विभाग की टीम बाढ़ड़ा आकर इनको लेकर जाएगी जिसके बाद पता चल पाएगा कि ये औजार कितने पुराने हैं।

छंटनी किए कर्मचारियों को बहाल करने की मांग पर दिया धरना

# नप कर्मियों ने शुरू की दो दिन की टूल और पैन डाउन हड़ताल

- अधिकारी और कार्य करवाने वालों को नहीं जाने दिया अंदर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

नगर परिषद के सफाई कर्मचारी लंबे समय से लंबित मांगों को लेकर संघर्षरत है और गुरुवार को कर्मचारियों ने दो दिन की टूल व पैन डाउन हड़ताल शुरू कर दी है, जिसकारण नगर परिषद कार्यालय में कार्य पूरी तरह से बंद रहा। वीरवार को काम नहीं होने के कारण लोग परेशान रहे और इधर-उधर भटकते रहे। वहीं धरना लगाकर गेट पर बैठे कर्मियों ने किसी को भी कार्यालय परिसर में प्रवेश नहीं करने दिया।

नगर पालिका कर्मचारी संघ के प्रदेश सचिव पुरूषोत्तम दानव ने बताया कि नप कर्मचारियों से प्रदेश सरकार की 29 अक्तूबर 2022 व 5 अप्रैल 2023 को दो बार समझौता वार्ता हो चुकी है। सरकार ने उनकी मांगों को जायज बताया, लेकिन आज तक जायज मांगों के संबंध में कोई नोटिफिकेशन जारी नहीं किया, जिसकारण कर्मचारियों में रोष बना हुआ है। इसी के चलते नप कर्मियों ने दो दिन की टूल एवं पैन डाउन हड़ताल करने का निर्णय लिया है। प्रदेश सरकार उन्हें जानबूझकर हड़ताल करने पर विवश कर रही है। उन्होंने चेतावनी दी कि सरकार ने कर्मचारियों की मांगों को नहीं माना और नोटिफिकेशन जारी नहीं किया तो कर्मचारी बड़ा आंदोलन करने पर मजबूर होंगे, जिसकी जिम्मेदार स्वयं प्रदेश सरकार होगी। प्रदेश सचिव पुरूषोत्तम ने कहा कि डिमिशनिंग काडर में डाले गए पदों एवं छटनी किए कर्मचारियों को बहाल किया जाए। वहीं तृतीय व चतुर्थ श्रेणी के कर्मचारियों, फायरमैन एवं ड्राइवरों के नए पद सृजित किए जाए, ताकि शहरवासियों और कर्मचारियों को परेशानी का सामना न करना पड़े। इसके अलावा योग्यता पूरी करने पर फायर ऑपरेटरों के पदों पर फायर ड्राइवर व फायरमैनों को समायोजित करने, वेतन विसंगतियां दूर करने, तृतीय व चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों को 100-100 वर्ग गज के प्लॉट या आवासीय सुविधा दी जानी चाहिए। इस मौके पर जिला प्रधान सुनील बिढलान, ईकाई प्रधान सुरेश कुमार, उपप्रधान विनोद, रमेश कांगड़ा, सतबीर, शिवकुमार, मनीषा, बाला, सुनीता, बिमला, संतोष, सरोज, महीपाल, तेजपाल, शीतल बागड़ी, प्रवीन, ऋषि, दीपक तिगड़ाना, राजेश तिगड़ाना, रविंद्र, प्रदीप आदि मौजूद रहे।






**भिवानी।** नगर परिषद कार्यालय के बाहर नारेबाजी करते कर्मचारी तथा खाली पड़ा अधिकारी का कार्यालय।

### ये हैं मुख्य मांगें

दानव ने बताया कि गुरूग्राम नगर निगम में हटाए गए 3480 कर्मचारियों को वापस लेने, 29 अक्टूबर 2022 व 5 अप्रैल 2023 के समझौते में मानी मांगें को पूरा करने, सफाई एवं सीवरमेनो के रिक्त पदों पर नियमित नियुक्ति, समान काम-समान वेतन, न्यूनतम वेतन 24 हजार देन व झाडू भत्ता देने, सफाई भत्ता, वर्दी, जूते तेल व साबुन आदि की सुविधा देने, ईएसआई व ईपीएफ का लाभ देने, पुरानी पेंशन बहाल करने, हरियाणा कौशल रोजगार निगम को भंग करने, ठेकों में लगे कर्मचारियों को विभाग के रोल पर करने की मांग की गई।

# वकीलों ने कलेक्टर रेट मामले में एसडीएम को सौंपा ज्ञापन



**बाढ़ड़ा।** एसडीएम को ज्ञापन सौंपते अधिवक्ता।

- पुराने कलेक्टर रेटों में बढ़ोतरी न करने की मांग रखी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बाढ़ड़ा

बाढ़ड़ा तहसील के अधिवक्ताओं ने भूमि के पुराने कलेक्टर रेटों में बढ़ोतरी न करने की मांग को लेकर रोष जताया तथा उपमंडल कार्यालय में एसडीएम सुरेश दलाल को ज्ञापन सौंपा। अधिवक्ता संघ के संजीव श्योराण, एडवोकेट अशोक श्योराण, अनील मान, राजेश कुमार, श्रीराम चहल, राजपाल सिंह आदि ने एसडीएम सुरेश दलाल को ज्ञापन में कहा कि बाढड़ा तहसील में ग्रामीण क्षेत्र आता है जिसे सरकार ने डार्क जोन घोषित कर रखा है। तहसील बाढड़ा में कलैक्टर रेट पहले से ही ज्यादा है। इस बारे में वर्ष 2022 में उपायुक्त चरखी दादरी ने आश्वासन दिया था कि आगामी वषार्ें में कलेक्टर रेट नही बढ़ाए जाऐंगे। बाढ़ड़ा क्षेत्र में रेतीली भूमि व पानी गहराई वाला क्षेत्र है जिसमें कोई भी आय व व्यवसाय के साधन नही है इसलिए अधिक कलैक्टर रेट होने के कारण गरीब, मजदूर या किसान भूमि की खरीद नही कर सकेगा। इसलिए भूमि के प्रस्तावित कलैक्टर रेटों को वापिय लिया। बाढड़ा में सरकार द्वारा निर्धारित रिहायशी व कोमर्शियल कलैक्टर रेट से कम रेट पर जमीन उपलब्ध है इसलिए प्रस्तावित कलैक्टर रेटों की बजाय कलैक्टर रेटों को ना बढ़ाकर पुराने रेट ही रखे जाये।

# सात एकड़ में फैली दो अवैध कॉलोनी ढहाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

- डीमार्केशन व कच्चे रास्ते को जेसीबी मशीन से हटाया

नगर योजनाकार विभाग ने भिवानी शहरी क्षेत्र मौजा कोंट में भिवानी-दादरी बाइपास रोड पर एव भिवानी-लोहाड़ में अवैध कॉलोनी से निर्माण हटाने का अभियान चलाया। इस अभियान के दौरान जेसीबी मशीन से डीमार्केशन, इलैक्ट्रीक पोल एवं कच्चे रास्तों के नेटवर्क को तोड़ा गया। जिला नगर योजनाकार नीलम शर्मा ने कहा कि अवैध निर्माण हटाओ अभियान के तहत भिवानी शहरी क्षेत्र मौजा कोंट में भिवानी-दादरी बाईपास रोड पर पांच एकड़ फैली एक अवैध कॉलोनी में डीमार्केशन तथा कच्चा रोड नेटवर्क को जेसीबी से तोड़ा गया। भिवानी-लोहाड़ में केरियर प्लानेट स्कूल के पीछे दो एकड़ में फैली एक अवैध कॉलोनी से कच्चे रास्ते, इलैक्ट्रीक पोल व डीमार्केशन को जेसीबी से हटाया। उन्होंने बताया कि शहर में कहीं भी सरकारी जमीन पर किसी भी प्रकार का अवैध निर्माण न करें और अवैध कॉलोनी काटने वाले प्रोपर्टी डीलरों के बहकावे में न आएं। अवैध निर्माण करना गैर कानूनी कार्य है और इसकी इजाजत किसी को नहीं है। विभाग द्वारा अवैध निर्माण की जानकारी जुटाई जा रही है।



**भिवानी।** अवैध निर्माण गिराती जेसीबी मशीन।

### लोहारू में चला पीला पंजा

**लोहारू।** नगर योजनाकार विभाग ने भिवानी शहरी क्षेत्र मौजा नियंत्रित लोहारू के कोर्ट कम्पलेक्स के पीछे दो अवैध कॉलोनी व फटरिया रोड पर फैली एक अवैध कॉलोनी से निर्माण हटाने का अभियान चलाया गया। इस अभियान के दौरान जेसीबी मशीन से डीपीसी व डीमार्केशन आदि अवैध निर्माण को तोड़ा। जिला नगर योजनाकार नीलम शर्मा के अनुसार अवैध निर्माण हटाओ अभियान के तहत विभाग द्वारा मौजा शहरी क्षेत्र लोहारू में कोर्ट कॉम्पलेक्स के पीछे मौजा अकबरपुर में दो अवैद्य कॉलोनियों क्रमश 10 एकड़ व दो एकड़ तथा मौजा लोहारू में फरटिया रोड पर एक अवैध कॉलोनी लगभग तीन एकड़ क्षेत्र में तीन डीपीसी व डीमार्केशन को तोड़ा गया।

### बकाया वेतन के लिए 19 को प्रदर्शन करेंगी आशा वर्कर्स

**भिवानी।** आशा वर्कर्स एसोसिएशन की जिला प्रधान हुकमकोर, जिला सचिव सुशीला व जिला कैशियर सुखदेव सिंह ने बताया कि हड़ताल के दौरान आशा वर्कर्स यूनियन की कुछ मांगों का समाधान करने की घोषणा की। आशाओं के मानदेय में 2100 रूपये की बढ़ोतरी करने व रिटायरमेंट बेनीफिट दो लाख रुपये देने का समझौता हुआ। इस समझौते के साथ आशा वर्कर्स के मानदेय भुगतान के लिए चलाई गई आशा ऐप में सुधार कर इसे सरल बनाकर आशाओं को समय पर मानदेय भुगतान करने का प्रावधान करने का वायदा किया था, लेकिन सरकार व प्रशासन अपनी बातों पर खरा नहीं उतर रहा। अब प्रदेश की आशा वर्कर्स 18 तक वेतन का खाते में आने का इंतजार करेंगी, अन्यथा पूरे प्रदेशभर में 19 दिसंबर को सिविल सर्जन कार्यालय पर प्रदर्शन करने का निर्णय लिया गया हैं।




एकमुश्त टैक्स को लेकर सब्जी मंडी आढ़तियों में रोष बरकरार

# टैक्स वापस नहीं लिया तो 20 को मंडियों में हड़ताल

- अनिश्चितकालीन हड़ताल कर लाइसेंस सौंपने की चेतावनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| चरखी दादरी

एकमुश्त टैक्स को लेकर प्रदेशभर के सब्जी मंडी आढ़तियों में रोष बरकरार है। आढ़तियों ने 15 दिसंबर तक इसको वापस नहीं लेने पर 20 दिसंबर को हड़ताल करने का ऐलान कर दिया है।

हरियाणा सब्जीमंडी आढ़ती एसोसिएशन के कार्यकारी प्रधान नितिन जांघू ने वीरवार को बताया कि एकमुश्त टैक्स को लेकर सभी जिलो के आढ़तियों की पंचकूला में प्रदेश स्तरीय बैठक आयोजित की गई, जिसमें सभी जिलों के पदाधिकारियों के अलावा प्रदेश स्तरीय कार्यकारिणी के सदस्य शामिल रहे, जिन्होंने ये निर्णय लिया है। जांघू ने बताया कि पंचकूला में आयोजित बैठक में प्रदेश के सभी जिलों से 75 सब्जी मंडियों से प्रतिनिधियों ने इसमें शिरकत की, जिसमें रोष जताते हुए काले कानून को वापस लेने की मांग की। उन्होंने बताया कि एकमुश्त कर को वापस लेने के लिए 15 दिसंबर तक का अल्टीमेटम दिया है, यदि इस दौरान उनकी मांग पूरी नहीं की जाएगी तो वे 20 दिसंबर को एक दिन की सांकेतिक हड़ताल करेंगे, यदि फिर भी उनकी मांग नहीं मानी तो वे अनिश्चितकालीन हड़ताल शुरू करेंगे और लाइसेंस सरकार को सौंप देंगे। जांघू ने कहा कि एकमुश्त टैक्स लागू कर आढ़तियों का काम धंधा चौपट किया जा रहा है।



**चरखी दादरी।** मीटिंग के बाद एकत्रित सब्जी मंडी आढ़ती एसोसिएशन पदाधिकारी।

### आढ़ती एकमुश्त टैक्स देने में असक्षम

जांघू ने बताया कि आढ़ती इस टैक्स को देने में पूरी तरह से असक्षम हैं। वे कमीशन एजेंट हैं और माल बेचने पर निर्धारित फीस देते हैं, लेकिन सरकार ने उन पर एक मुश्त कर जबरदस्ती थोप दिया है जिसके तहत न केवल 50 प्रतिशत फीस में वृद्धि की गई है बल्कि लाइसेंस की एक साल की फीस एडवांस ली जा रही है। उन्होंने कहा कि जब तक उनकी मांग पूरी नहीं होगी पूरे हरियाणा में इसका विरोध जारी रहेगा और जरूरत पड़ेगी तो वे सीएम से भी मिलेंगे।

### ये रहे मौजूद

बैठक में रोहतक सब्जीमंडी के प्रधान सोनू छाबड़ा, सोनीपत से ललित खत्री, नंदलाल ठुकराल, जयवीर रावलधी, अजीत सैनी, रामअवतार, विरेंद्र सिंह, रणबीर, धर्मसिंह, झज्जर से सुनिल यादव, पंचकूला से ब्रजमोहन, राजेंद्र आदि उपस्थित थे।

रोचक



बच्चों, पिछले अंक में हमने तुम्हें देश भर के रंग-बिरंगे विंटर फेस्टिवल्स के बारे में बताया था। इस बार हम तुम्हें विदेशों में होने वाले तीन अनोखे विंटर फेस्टिवल्स के बारे में बता रहे हैं।

# अजब-गजब विंटर फेस्टिवल्स

## जुब्लजाना ड्रैगन कार्निवल, स्लोवेनिया

**विंटर सीजन** में यूरोप महाद्वीप के एक देश स्लोवेनिया की राजधानी जुब्लजाना में जुब्लजाना ड्रैगन कार्निवल आयोजित किया जाता है। यह फेस्टिवल पूरे यूरोप महाद्वीप में सबसे अनोखे विंटर कार्निवल फेस्टिवल्स में से एक माना जाता है। कार्निवल में लोग अनोखी वेशभूषा पहनते हैं। कार्निवल में एक ग्रीन ड्रैगन के पुतले का खास अट्रैक्शन होता है। इसे राजधानी जुब्लजाना का प्रतीक चिन्ह भी माना जाता है। कार्निवल के दौरान चारों ओर बहुत रंग-बिरंग माहौल हो जाता है। इस बार के जाड़े में यह फेस्टिवल अगले साल 6 से 16 फरवरी के बीच आयोजित होगा। *

## ह्वाचेओन सांचेओनियो आइस फेस्टिवल, साउथ कोरिया





**बच्चों, साउथ** कोरिया में विंटर फेस्टिवल बहुत हटकर सेलिब्रेट किया जाता है। यहां हर साल जनवरी-फरवरी में ह्वाचेओन सांचेओनियो आइस फेस्टिवल आयोजित होता है। यह दुनिया में बहुत ही यूनीक विंटर फेस्टिवल है और दक्षिण कोरिया के नागरिकों के बीच बहुत पॉपुलर है। यह विंटर फेस्टिवल कड़ाके की ठंड में मछली पकड़ने का फेस्टिवल है। विंटर फेस्टिवल दक्षिण कोरिया के गैंगवॉन डो नामक स्थान पर ह्वाचेओन रिवरसाइड पर आयोजित किया जाता है। पूरे साउथ कोरिया से यहां आने वाले पर्यटक ठंड की वजह से जमी हुई ह्वाचेओन नदी में मछलियां पकड़ते हैं। मछली पकड़ने के लिए जमी हुई नदी की ऊपरी परत में छेद किया जाता है। तुम्हें जानकर हैरानी होगी कि नदी में ग्यारह हजार से ज्यादा छेद किए जाते हैं। बच्चों, मछली पकड़ने के लिए लोग कतार में बैठकर अपने साथ लाए उपकरणों से घंटों तक मछली पकड़ने की कोशिश करते हैं। इस फेस्टिवल में लाखों की संख्या में लोग भाग लेते हैं। जमी हुई नदी पर दूर दूर तक लोगों की भीड़ दिखाई देती है। इस फेस्टिवल में बच्चे भी मछली पकड़ते हैं। फेस्टिवल में एक अनूठी प्रतियोगिता भी आयोजित होती है, जिसमें प्रतियोगियों को बर्फीले पानी में नंगे हाथों से मछली पकड़नी होती है। इसके लिए जमी हुई नदी में एक जगह बड़ा-सा गोल आकार का गड्ढा किया जाता है। फिर कई सारे प्रतियोगी इसी छेद में हाथ डालकर मछली पकड़ने की कोशिश करते हैं। मछली पकड़ने के अलावा फेस्टिवल में मनोरंजन के लिए कई और आइस स्पोर्ट्स खेले जाते हैं। इस बार यह फेस्टिवल 6 से 28 जनवरी 2024 को आयोजित होगा। *

## एम्स्टर्डम लाइट फेस्टिवल, नीदरलैंड्स





**नीदरलैंड्स की** राजधानी एम्स्टर्डम में सर्दी के मौसम में दुनिया का सबसे अनोखा लाइट फेस्टिवल आयोजित होता है। इस अनोखे लाइट फेस्टिवल की शुरुआत साल 2012 में हुई थी। यह फेस्टिवल सर्दियों की अंधेरी रातों में एम्स्टर्डम नहर के किनारे आयोजित होता है। पिछले महीने 30 नवंबर से शुरू हो चुका यह लाइट फेस्टिवल अगले साल 21 जनवरी को समाप्त होगा। एम्स्टर्डम लाइट फेस्टिवल का हर साल एक स्पेशल सब्जेक्ट होता है, इस साल का विषय 'आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस' है। लाइट फेस्टिवल में इस बार कुल 24 कलाकृतियां प्रदर्शित की गई हैं। सारी कलाकृतियां खुले आसमान के नीचे शहरों के बीच से बहने वालीं नहरों के किनारे और पानी की सतह के ऊपर निर्मित की जाती हैं। इन कलाकृतियों को देखने के लिए कोई टिकट नहीं लेना पड़ता है। इस बार भी कई ऐसी अनोखी कलाकृतियां बनाई गई हैं, जिनको देखकर तुम्हें आश्चर्य होगा। जैसे- बात करने वाले लैंप, आभासी पुल, पानी में फोन इस्तेमाल करते सफेद रोशनी में चमकते पांच इंसान, पानी में खड़ा मेंटल वाला रोबोट जिसके पीठ पर कई सारे घर बने हैं, रंग-बिरंगी रोशनी से बना इंसानी चेहरा आदि। *

**प्रस्तुति : देवेंद्र पांडे**

# किसने बनवाया था टॉवर ऑफ लंदन

जानकारी




बच्चों, टॉवर ऑफ लंदन, यूनाइटेड किंगडम (ब्रिटेन) की राजधानी लंदन के बीच से बहने वाली टेम्स नदी के किनारे बना एक भव्य किला है। इसको सन् 1078 में विलियम द कांकरर ने बनवाया था। इस परिसर में शाही महल के अलावा और भी कई भव्य इमारतें हैं। इसका निर्माण करने के लिए फ्रांस देश से पत्थर मंगाए गए थे। यहां राजसी बंदियों के लिए कारागार भी था। इस किले की एक विशेषता यह है कि यहां बड़ी संख्या में काले कौवे रहते हैं। किंवदंती है कि जिस दिन ये कौवे टॉवर ऑफ लंदन छोड़कर चले जाएंगे, तभी यहां राजशाही समाप्त हो जाएगी। हालांकि अब इस किले में राजपरिवार नहीं रहता है, लेकिन शाही जवाहरात इसमें सुरक्षित हैं, जिनमें मशहूर कोहिनूर हीरा भी शामिल है। *

**प्रस्तुति : एफएमएन**

क्या तुम जानते हो

# कैसे हुई अंतरिक्ष की खोज



गैलीलियो गैलिली निकोलस कोपर्निकस

आज से लगभग 1,825 वर्ष पूर्व लिखी गई पुस्तक 'सच्चा इतिहास' में अंतरिक्ष यात्रा के बारे में वर्णन मिलता है। इसके लेखक थे यूनान के लूसियन। लेकिन इसमें अंतरिक्ष यात्रा का विषय एक व्यंग्य के रूप में दिया गया था, जो तत्कालीन राज्य के दोषों को उजागर करता था। इसमें चंद्रलोक और सूर्यलोक का दिलचस्प वर्णन है। फिर पोलैंड के खगोलशास्त्री निकोलस कोपर्निकस ने अपने तथ्यों के आधार पर बताया कि सूर्य, सौर-परिवार के केंद्र में है और पृथ्वी एक ग्रह है। फिर गैलीलियो गैलिली ने सन् 1610 में एक दूरदर्शी यंत्र का आविष्कार करके अंतरिक्ष के नजारों को बहुत निकट से देखने का प्रयास किया। उन्होंने चंद्रमा की सतह पर ऐसे दृश्य देखे, जो इससे पहले किसी ने नहीं देखे थे। दूरबीन की सहायता से अंतरिक्ष में झांकने वाले वे पहले वैज्ञानिक थे। इसके बाद तो अंतरिक्ष के बारे में नई-नई खोज शुरू हुई और आज भी अंतरिक्ष से जुड़े राज सामने आ रहे हैं। *

**-एफएमएन**

# बूझो तो जानें



1
धरती से निकली बाहर,
बंद रही काठ सदन में।
गरीबों का बादाम हूं
बसी सभी के ही मन में।

2
आसाम-बंगाल वासी,
घर-घर में पी जाती।
श्याम वर्ण है मेरा पर,
सबको मैं खूब लुभाती।

3
गन्ने के रस से बनता हूं,
लेकिन रंग अलग है।
सर्दियों का मिष्ठान मैं,
मेरा ढंग अलग है।

4
सर्दी के आते ही मैं,
स्नानघर का वीर।
दीवार पर लटका रहूं,
गर्म करता हूं नीर।



-गोविंद भारद्वाज

उत्तर- 1-मूंगफली, 2-चाय, 3-गुड़, 4-गीजर

कविता / डॉ. राकेश चक्र

# मम्मा इत्ते छोटे दिन



सूरज लगता बाल सुमन।
जगकर प्रातः करें नमन।।
नरम धूप सूरज की भइया
ता-ता-ता-ता थय्पक-थइया।।
बैठ धूप में मम्मा सुन।
सूरज लगता बाल सुमन।।
शाम गुलाबी, सुबह ठिठुरती।
रात की रानी खूब महकती।
हरसिंगार महक गुनगुन।
सूरज लगता बाल सुमन।।
शीत सताए हवा ठुमकती।

बदरा बिजली कभी चमकती।
गाल गुलाबी, शीतल तन।
सूरज लगता बाल सुमन।।
कभी कुहासा, कभी उजाला।
धूप विटामिन डी का प्याला।
ओढ़ रजाई भरता मन।
सूरज लगता बाल सुमन।।
महक मोगरा मन है हरती।
चांद चांदनी खूब दमकती।
मम्मा इत्ते छोटे दिन।
सूरज लगता बाल सुमन।।

# हंसगुल्ले



**रिंकू से टिंकू**-तुम्हारी बेतुकी बातों से मेरा दिमाग खराब हो गया है। मैं तुम्हारे घर आ रहा हूं।
**रिंकू**-अरे! तब तुम मेरे घर नहीं, मेरे मामा जी के घर जाओ।
**टिंकू**- क्यों?
**रिंकू**- क्योंकि वो दिमाग के डॉक्टर हैं।
**-संगीता, रायपुर**

**रोहन**- क्या जुबान के भी पैर होते हैं?
**सोहन**- नहीं।
**रोहन**- फिर मम्मी क्यों कहती है कि तेरी जुबान दिन भर चलती रहती है?
**- उमेश, जबलपुर**

**डॉक्टर**- मिक्की, इस दवाई को दिन में चार चम्मच लेना।
**मिक्की**- फिर तो डॉक्टर अंकल मैं यह दवा नहीं पी पाऊंगी।
**डॉक्टर**- वो क्यों?
**मिक्की**- मेरे घर में तो सिर्फ दो चम्मच ही हैं।
**-कविता, दुर्ग**

# जीके क्विज-84



1. हाल में मिजोरम का नया मुख्यमंत्री कौन बना है?
2. गरबा नृत्य किस राज्य का प्रसिद्ध लोकनृत्य है?
3. सहारा रेगिस्तान किस महाद्वीप में स्थित है?
4. प्रत्येक वर्ष राष्ट्रीय गणित दिवस कब मनाया जाता है?
5. इंसानों के अलावा वह कौन-सा जानवर है, जो केला छीलकर खाता है?
6. किस शहर को संतरे के शहर के नाम से भी जाना जाता है?
7. सौरमंडल में सूरज से सबसे दूरी पर कौन-सा ग्रह स्थित है?
8. किस पक्षी के उड़ने की आवाज बिल्कुल भी नहीं आती है?
9. यूक्रेन की राजधानी का क्या नाम है?
10. मैदानी हॉकी खेल में एक टीम में कितने खिलाड़ी होते हैं?

बच्चों, जीके क्विज-84 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे। तुम अपने जवाब हमें **balbhoomihb@gmail.com** पर मेल कर सकते हो।

**जीके क्विज-83 का उत्तर :** 1-गुरुग्राम, 2-मिचौंग चक्रवात, 3-भालू, 4-23 दिसंबर, 5-दरियाई घोड़ा, 6-उदयपुर, 7-शनि ग्रह, 8-पांच आंखें, 9-कंगारू, 10-सात खिलाड़ी

**जीके क्विज-83 का सही उत्तर देने वाले :** रोशन-धमतरी, पारुल-रायपुर, पुष्पिका-सूरजपुर, चेतन-दल्ली राजहरा, मारुति-बिलासपुर, प्रियंका-रोहतक, रंजित-बिलासपुर, सुरेश-जबलपुर, विक्की-भोपाल, गौरव-डाबोदा कलां

कहानी
अशोक जोशी

मीनू अपनी चीजें शेयर क्या, किसी को छूने भी नहीं देती। एक दिन वह अपना पसंदीदा स्वेटर पहन कर बुके खरीदने गई। बुके की दुकान पर जब मीनू ने दुकान वाले की लड़की को ठिठुरती सर्दी में बिना किसी गर्म कपड़े के देखा तो वह बहुत दुखी हो गई। इसके बाद उसने जो किया, वह एक अनहोनी बात थी।

# मीनू का प्यारा स्वेटर



घर में सबसे छोटी होने के कारण सभी मीनू से बहुत प्यार करते हैं। लाड़-प्यार में पली-बढ़ी मीनू थोड़ी जिद्दी है। उसमें एक आदत अच्छी है कि वह अपनी चीजों को बहुत सहेज कर रखती है। लेकिन वह अपनी चीजों को किसी को उपयोग करना तो दूर, छूने तक नहीं देती। रात को जब अचानक तेज बारिश के बाद सर्दी बढ़ी तो उसने अपना वह स्वेटर निकाल लिया, जो उसके पापा खासतौर पर उसके लिए पेरिस से लेकर आए थे।

मीनू को इस स्वेटर से बहुत प्यार था। किसी को भी इस स्वेटर पर हाथ लगाने नहीं देती थी। आज उसे अपनी दोस्त रितु के जन्मदिन पर जाना था। उसके पापा अपनी कंपनी की कॉन्फ्रेंस में लंदन गए हुए थे। उसने किसी तरह अपनी मम्मी को राजी कर लिया कि वह शाम को उसके साथ रितु के घर चलें। मम्मी भी मान गईं, क्योंकि रितु की मम्मी शालिनी उनकी सहेली थीं। शाम को मीनू तैयार हो गई। उसने अपना प्यारा स्वेटर पहना। उस स्वेटर में मीनू एकदम परी जैसी लग रही थी। मम्मी ने रितु को देने के लिए गिफ्ट को पैक करवा कर रख लिया था। दोनों कार में बैठकर निकल पड़े। बाहर कंपकंपाने वाली ठंड थी। मम्मी ने ड्राइवर को गाड़ी का ब्लोअर चालू करने को कहा। तभी मीनू को याद आया, वह बोली, 'अरे मम्मी! आप भूल गईं कि हमें रितु के लिए बूके भी लेना है?'

'अरे हां..! भैया, आप गाड़ी एमजी रोड से ले लीजिए। वहां से बूके ले लेते हैं।' मम्मी ने ड्राइवर से कहा। ड्राइवर ने एमजी रोड पर फुटपाथ पर एक बुके की दुकान के सामने कार रोकी। मम्मी ने मीनू से कहा, 'मैं बुके लेकर आती हूं। बाहर बहुत सर्दी है, तुम कार में ही बैठी रहो।'

'नहीं मम्मी, अपनी फ्रेंड के लिए तो मैं ही बुके पसंद करूंगी।' मीनू बोली।

'ठीक है आ जाओ।' मम्मी मान गईं।

दोनों बुके की दुकान पर पहुंचे। मीनू ने देखा दुकान पर बुके वाले की उसकी हमउम्र बेटी भी खड़ी थी। वह ठंड से कांप रही थी। मीनू उससे बोली, 'क्यों स्वेटर नहीं पहना? सर्दी लग जाएगी तो?'

'मेरे पास स्वेटर नहीं है।' वह बोली। मीनू को उस पर दया आ गई। उसने चुपचाप बुके पसंद किया और मम्मी के साथ आकर कार में बैठ गई। उसके सामने बुके वाले की लड़की का सर्दी से कांपता चेहरा घूम रहा था। मीनू ने मम्मी से पूछा, 'क्या हम उसकी मदद नहीं कर सकते?'

'जरूरतमंदों की मदद करना अच्छी बात है बेटा, लेकिन इस समय हमारे पास कार में दूसरा कोई गरम कपड़ा भी नहीं है।'

'लेकिन देखो ना मम्मी, वह लड़की ठंड में कैसे कांप रही है।' मीनू बड़े ही दुखी मन से बोली। उसने मम्मी से पूछा, 'मैं क्या अपना यह पहना स्वेटर उस लड़की को दे सकती हूं?'

'लेकिन यह स्वेटर तो तुम्हें सबसे प्यारा लगता है।' मम्मी बोलीं।

'तो क्या हुआ? हम दूसरा स्वेटर भी तो खरीद सकते हैं। उस बेचारी के पास तो इस कड़ी सर्दी में कोई गरम कपड़ा नहीं है। अभी-अभी आपने ही तो कहा कि जरूरतमंदों की मदद करना अच्छी बात है।' मीनू मासूमियत से बोली।

'यह तुम्हारा स्वेटर है। यदि तुम चाहो तो दे सकती हो।' मम्मी ने कहा। मीनू तुरंत कार से उतर कर मम्मी के साथ बुके वाले की दुकान पर गई। उसने अपना स्वेटर ठंड से कांपती लड़की को दे दिया। उसके चेहरे पर खुशी के भाव देखकर मीनू को बहुत अच्छा लगा। इसके बाद उसने रितु की बर्थ-डे पार्टी में ऐसी मस्ती की कि उसकी सारी ठंड हवा हो गई।

अगले सप्ताह मीनू के पापा लंदन से लौट आए। उसने पूछा, 'पापा, मेरे लिए क्या लाए हैं?' 'वही जो तुमने लाने को कहा था और अपनी लाडली बेटी के लिए एक चीज और खास लाया हूं।' पापा उसके सिर पर प्यार से हाथ फेरते हुए बोले। 'वह क्या?' मीनू ने उत्सुकता से पूछा।

'दो नए स्वेटर, जो पहले से भी ज्यादा गरम और नरम हैं।' कहते हुए उन्होंने मीनू के हाथों में दो स्वेटर रख दिए।

'लेकिन दो क्यों?' मीनू ने आश्चर्य से पूछा।

'ताकि हमारी बेटी किसी जरूरतमंद की मदद कर सके और खुद भी स्वेटर पहन सके। मुझे तुम्हारी मम्मी ने बता दिया था कि तुमने किस तरह से उस बुके वाले की लड़की को अपना स्वेटर दे दिया था। आइ एम प्राउड ऑफ यू माय लिटिल डार्लिंग!' कहते हुए पापा ने मीनू का माथा चूम लिया। *

छोटी कहानी / ललित शौर्य

# अनोखा उपहार

मिस्टर डिसूजा अब बूढ़े हो गए हैं। उनकी उम्र लगभग 75 साल के आस-पास हो गई होगी। मोहल्ले के बच्चे और बड़े उन्हें सांता बाबा के नाम से पुकारते हैं, क्योंकि वह पिछले कई वर्षों से क्रिसमस के समय सांता क्लॉज बनकर मोहल्ले में बच्चों को टॉफी, बिस्कुट और गर्म कपड़े उपहार के रूप में बांटते हैं। मिस्टर डिसूजा अकेले रहते हैं। उन्होंने शादी नहीं की है।



इधर पिछले कुछ दिनों से मिस्टर डिसूजा बीमार हैं। क्रिसमस नजदीक था। उनके मन में यही चल रहा था कि इस बार वह बच्चों को कैसे उपहार बांटेंगे? उन्हें तो इतनी तकलीफ है कि बिस्तर से उठ भी नहीं सकते। मोहल्ले में यह बात सबको पता हो गई थी कि मिस्टर डिसूजा बीमार चल रहे हैं। यह सुनकर ओजस ने अपने साथियों से बात की, 'तुम सबको पता होगा, मिस्टर डिसूजा यानी हमारे मोहल्ले के सांता बाबा बीमार हैं। वह बिस्तर से उठ भी नहीं पा रहे हैं। हमें उनके लिए कुछ करना चाहिए।' ओजस की इस बात पर सभी बच्चे बोले, 'हम क्या कर सकते हैं ओजस, हमें बताओ? तुम जो कहोगे, हम सब करने को तैयार हैं।' 'मिस्टर डिसूजा हर साल सांता क्लॉज बनकर हम सबको उपहार देते हैं। इस बार हम उन्हें सेवा का उपहार देंगे। जब तक वह ठीक नहीं हो जाते, हम सब उनकी सेवा करेंगे। उनके लिए हम अपने घर से खाना लेकर जाएंगे। उनके लिए जूस और फल भी ले जाएंगे।' ओजस ने दोस्तों से कहा।

अगले दिन से ही सभी बच्चे सांता बाबा की सेवा में लग गए। बच्चों की सेवा-भाव और प्रेम पाकर सांता बाबा 25 दिसंबर से पहले ही ठीक हो गए। उन्होंने बच्चों से कहा, 'तुम सब ने मेरी जो सेवा की, उसी का परिणाम है कि मैं अब स्वस्थ हो गया हूं। अब क्रिसमस के दिन मेरे घर पर बड़ी पार्टी होगी। तुम सबने तो क्रिसमस से पहले ही मुझे बहुत अनोखा सा उपहार दे दिया है। अब मेरी बारी है, तुम सब को उपहार देने की।'

बच्चे यह सुनकर बहुत खुश हुए कि हर बार की तरह इस बार भी उन्हें क्रिसमस पर मिस्टर डिसूजा के हाथों उपहार मिलेंगे। *

# अंतर बताओ

बच्चों, यहां स्कीइंग करते हुए बच्चे के एक समान दिखने वाले दो चित्र दिए गए हैं। दोनों चित्रों में 10 अंतर हैं। पांच मिनट में सभी अंतर ढूंढ़कर बताओ तो जरा।



# चित्र पूरा करो

यहां पर बर्फबारी में मस्ती करते बच्चों का एक अधूरा चित्र दिया गया है। चित्र को पूरा करने के लिए साइड में चार कटआउट्स रखे हैं। जल्दी से सारे कटआउट्स को सही जगह पर लगाकर चित्र पूरा करो।




उत्तर : A-1, B-2, C-4, D-3

## खबर संक्षेप



### पदक विजेता हेमंत को किया सम्मानित

**चरखी दादरी।** गांव खेडी बूरा में जूनियर वर्ल्ड चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन कर रजत पदक जीतने वाले मुक्केबाज हेमंत सांगवान को सम्मानित किया। इससे पूर्व विजेता का विजयी जुलूस 152 डी से लेकर गांव खेडी बूरा तक निकाला, जिसमें ढोल नगाड़ों के साथ हेमंत का स्वागत किया। कोच हितेश देशवाल सहित हरियाणा बॉक्सिंग संघ के प्रशासनिक निर्देशक ओमबीर हुड्डा, संघ उपप्रधान व झज्जर प्रधान सोमबीर अहलावत, मेयर अजय अहलावत, उपप्रधान चुन्नीलाल, चमनसिंह को सम्मानित किया।



### भजनलाल के सीएम बनने पर जताई खुशी

**भिवानी।** दिनोद गेट स्थित ब्राह्मण धर्मशाला में ब्राह्मण समाज के लोगों द्वारा कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम में मुख्यरूप से ब्राह्मण सभा के प्रधान किशन कौशिक उपस्थित हुए। सभी सदस्यों ने भाजपा द्वारा राजस्थान में भजनलाल शर्मा को मुख्यमंत्री बनाने पर खुशी जताई। प्रधान कौशिक ने कहा कि राजस्थान विधानसभा चुनाव में वहां की जनता ने प्रधानमंत्री मोदी की कल्याणकारी नीतियों पर मोहर लगाई है।



### जनसेवा मिशन रैली से बदलेगी प्रदेश की राजनीति

**चरखी दादरी।** हरियाणा जनसेवक पार्टी के प्रदेशाध्यक्ष संजय साहू ने 17 दिसंबर को दादरी की सरस्वती वाटिका में होने वाली पार्टी की रैली को लेकर जनसंपर्क अभियान चलाते हुए न्योता दिया। साहू ने कहा कि पार्टी की दादरी रैली में जनसेवा मिशन 2024 का आगाज होगा और ये प्रदेश की राजनीति बदलने का काम करेगी। उन्होंने वीरवार को गांव रावलधी सहित दादरी शहर के कई क्षेत्रों में लोगों से चर्चा की और न्योता दिया। उन्होंने कहा कि हजपा के संयोजक व महम विधायक बलराज कुंडू दादरी रैली में मुख्यतिथि होंगे।

### विद्यार्थियों को पाठ्य सामग्री का किया वितरण

**रेवाड़ी।** राजकीय माध्यमिक विद्यालय सुंदरोज में डा. मानसिंह चौहान हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय हिसार की ओर से अपने पिता कुंदन सिंह चौहान की पुण्यतिथि पर विद्यालय में छात्रों को गर्म वस्त्र तथा पाठ्य सामग्री वितरित की। विज्ञान अध्यापक महेश कुमार ने इस पुनीत कार्य की सराहना की। कार्यक्रम में बच्चों ने अतिथियों के सम्मान में अनेक सांस्कृतिक कार्यक्रम तथा खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया। अध्यक्षता मुख्य अध्यापिका कांता देवी ने की।

---

### आज जिले के छह गांवों में आयोजित किए कार्यक्रम

# अंतिम व्यक्ति तक योजनाएं लेकर पहुंच रही संकल्प यात्रा

पात्र लोगों को योजनाओं के लाभ के प्रमाण पत्र सौंपे और उत्कृष्ट कार्य करने वालों को सम्मानित किया

हरिभूमि न्यूज ▸▸ चरखी दादरी

जरूरतमंद एवं अंतिम व्यक्ति तक केंद्र और राज्य सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाने के लिए विकसित भारत संकल्प यात्रा सार्थक साबित हो रही है। हाल में सम्पन्न हुए बौंद ब्लॉक के गांवों में हजारों लोगों ने यात्रा के दौरान योजनाओं का लाभ प्राप्त किया है या फिर योजनाओं का लाभ लेने के लिए आवेदन किया है। उपायुक्त मनदीप कौर के मार्गदर्शन में फिलहाल यात्रा जिला के दादरी, बाढड़ा व झोझू ब्लॉक के गांवों में चल रही है। वीरवार को यात्रा के तहत जिले के विभिन्न छह गांवों में कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कारी मोद, दातौली, बालरोड़, अटेला कलां, बरसाना और कारी रूपादास में कार्यक्रमों का आयोजन हुआ। इन कार्यक्रमों में जिला परिषद के चेयरमैन मनदीप डालावास, जिला परिषद के सीईओ प्रदीप कौशिक, एसडीएम नवीन कुमार, एसडीएम सुरेश कुमार, सुनीता डांगी व राजेश बंटी सहित अन्य गणमान्य मुख्य अतिथि रहे और वहां विभिन्न विभागों की ओर से योजनाओं का लाभ देने के लिए लगाई गई स्टॉलों का अवलोक किया। उन्होंने लोगों को हमारा संकल्प विकसित भारत की शपथ भी दिलाई और पात्र लोगों को योजनाओं के लाभ का प्रमाण पत्र व उत्कृष्ट कार्य करने वालों को सम्मानित किया।

विभिन्न गांवों में पहुंच रही यात्रा के कार्यक्रम के आयोजन के दौरान



**भिवानी।** यात्रा में ग्रामीणों को सरकारी योजनाओं की जानकारी देते जिला महामंत्री राजेश बंटी।

#### लोगों को घर पर ही मिल रहा योजनाओं का लाभ

केन्द्र व प्रदेश सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं को समाज के प्रत्येक जरूरतमंद नागरिक तक पहुंचाने में विकसित भारत संकल्प यात्रा अहम साबित हो रही है। यात्रा के तहत किसान से लेकर विद्यार्थी तथा बच्चों से लेकर वृद्धजन तक को दी जा रही सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं से आमजन को गांव-गांव पहुंचने वाली जागरूकता वैन तथा विभिन्न विभागों की ओर से लगाए जा रहे जागरूकता शिविरों के माध्यम से लाभान्वित किया जा रहा है। देश व प्रदेश में अंत्योदय के स्वप्न को साकार करने में विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत योजनाओं का लाभ लोगों को उनके घर द्वार पर ही मिल रहा है।

मौके पर धरती कहे पुकार के नाटक और माटी करे पुकार गीत का प्रदर्शन भी किया जा रहा है, जिसे लोगों द्वारा काफी सराहना मिल रही है। सूचना एवं जन संपर्क विभाग के कलाकारों द्वारा दी जा रही प्रस्तुति के दौरान गीत और नाटक में खेती को बेहतर करने के लिए अनुरोध किया गया है और बताया गया है कि मिट्टी की जांच कराएं, नीम व जांटी लगाए और रासायनिक खाद का कम से कम प्रयोग करें।

---

## 11 लाख में होंगे विकास कार्य : मलिक

- जिप चेयरपर्सन ने कैरु गांव में किया कमरे का उद्घाटन

हरिभूमि न्यूज ▸▸ तोशाम



**तोशाम।** कार्यक्रम को संबोधित करती जिप चेयरपर्सन अनीता मलिक।

गुरुवार को गांव कैरू में आयोजित कार्यक्रम में जिला परिषद चेयरपर्सन अनिता मलिक ने बतौर अतिथि शिरकत की। चेयरपर्सन मलिक का कैरु में पहुंचने पर स्वागत किया। चेयरपर्सन मलिक ने 8 लाख रुपये की राशि से कैरु (ख) में बने कमरे का उद्घाटन किया और आठ लाख रुपये की राशि कैरु (क) कमरे के लिए व दोनों पंचायतों में दो पानी के टैंकर देने की घोषणा की। मलिक ने कहा कि ये चेयरमैनी मुख्यमंत्री, बड़ी बहन सुधा यादव व कृषिमंत्री जेपी दलाल ने तोशाम हलके के विकास के लिये दी है। 40 साल से तोशाम हलके के अंदर जो विधायक वोट लेते आ रहे है उनमें से किसी भी प्रत्याशी का न तो वोट है, न मकान और न व्यापार, ये नेता मौसमी मेंडक की भांति गुमराह करके गायब हो जाते हैं, ये तोशाम हलकावासियों के दुःख सुख में कभी भी जनता के बीच नहीं आते। चेयरमैनी आपकी अपनी है तो हलके में विकास हो रहा है। तोशाम का विकास करने के लिए हलके का विधायक होना जरूरी है। इस अवसर पर क्रैशर एसोसिएशन प्रधान कृष्ण मलिक, नागेश बीडीसी चेयरमैन, लाला प्रधान, ज़िला पार्षद श्वेता, मण्डल अध्यक्ष प्रदीप तंवर, सरपंच सुंदरपाल, राम बाबू सोनी, महेंद्र आदि मौजूद थे।

### ग्रामीण डाक कर्मचारियों की हड़ताल तीसरे दिन भी जारी



**भिवानी।** ऑल इंडिया ग्रामीण डाक सेवक संघ के बैनर तले अपनी विभिन्न मांगों को लेकर जारी ग्रामीण डाक कर्मचारियों की राष्ट्रव्यापी अनिश्चितकालीन हड़ताल वीरवार को तीसरे दिन भी जारी रही। ग्रामीण डाक कर्मियों की हड़ताल से ग्रामीण क्षेत्र की डाक व्यवस्थाए भी प्रभावित रही। गांवों में डाक वितरण, डाक बुकिंग, मनीआर्डर वितरण, बुकिंग, डाकघर बचत सेवाए, डाकघर जमा व निकासी सेवाए हड़ताल की वजह से बंद रही, जिससे ग्रामीणों को खासी परेशानियां हुई। संघ के प्रदेशाध्यक्ष एवं केंद्रीय कार्यकारिणी सदस्य बलजीत कुंगड़ियां ने कहा कि ग्रामीण डाक सेवकों को 8 घंटे काम और पेंशन सहित सभी लाभ प्रदान करने, चिकित्सा सुविधा उपलब्ध करवाने, समूह बीमा को 5 लाख रुपये तक बढ़ाने की मांग की, लेकिन सरकार मांगों को नजरअंदाज कर रही है।

### ग्रामीणों को विकसित भारत के लिए दिलवाई शपथ



**लोहारू।** लोहारू हलके के कुड़ल व कुड़ल बास में विकसित भारत संकल्प जनसंवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसके तहत विभिन्न विभागों के अधिकारी ग्रामीणों के घर-द्वार पर पहुंच कर योजनाओं का लाभ दिलाना सुनिश्चित कर रहे हैं। जिला परिषद की वाइस चेयरपर्सन सुनीता जांगड़ा, बीडीपीओ धर्मपाल, एसईपीओ दीपक शर्मा, सरपंच सुनीता, रामकिशन शर्मा, मुरारीलाल, संजय जांगड़ा, उषा, अनूप आदि ने गांव कुड़ल व कुड़ल बास में आयोजित कार्यक्रमों में शिरकत कर लोगों को विकसित भारत के लिए शपथ दिलवाई। कार्यक्रम में महिला एवं बाल विकास विभाग, महिला विकास निगम, स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं ने सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं का लाभ उठाया और मेरी कहानी-मेरी जुबानी के तहत अपने अनुभव सांझा किए।

---

### प्रगतिशील किसानों को दी एकीकृत नाशीजीव प्रबंधन की जानकारी



**भिवानी।** केंद्र सरकार के कृषि मंत्रालय के वनस्पति संरक्षण, संगरोध एवं संग्रह निदेशालय के क्षेत्रीय केंद्रीय एकीकृत नाशीजीव प्रबंधन केंद्र फरीदाबाद टीम ने जिला में प्रगतिशील किसानों के लिए एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला आयोजित की। कार्यशाला में प्रगतिशील किसानों को एकीकृत नाशीजीव प्रबंधन एवं नेशनल पेस्ट सर्विलांस सिस्टम एप्लिकेशन की विस्तार से जानकारी दी। प्रशिक्षण कार्यशाला में फरीदाबाद से आई टीम में शामिल विभाग के उप निदेशक डॉ. वीडी निगम, वनस्पति संरक्षण अधिकारी लक्ष्मीचंद, व सहायक वनस्पति संरक्षण अधिकारी गौरव चौहान द्वारा एकीकृत नाशीजीव प्रबंधन की विभिन्न पद्धति जैसे की बीजोपचार, फेरोमोन ट्रैप इत्यादि का विस्तार से प्रगतिशील किसानों को जानकारी दी। इसके साथ ही नेशनल पेस्ट सर्विलांस सिस्टम डिजिटल एप्लिकेशन की भी विस्तार से बताया। प्रगतिशील किसानों को मोबाइल में एप्लिकेशन डाउनलोड करके दिखया और इसके प्रयोग के बारे जानकारी दी।

## उज्ज्वला गैस कनेक्शन से महिलाओं में खुशी

- विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रमों में आयुष्मान, उज्ज्वला व मकान नवीनीकरण योजनाओं के ले रहे आवेदन

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भिवानी

बुधवार को गांव धनाना, बडेसरा, भाखड़ा-हरिपुर व ढ़ाणी ब्राह्मद्दणान में विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत कार्यक्रम आयोजित हुए। कार्यक्रमों में बड़ी संख्या में महिलाएं उज्लवल योजना के तहत गैस कनेक्षन लेने के लिए पहुंची। गैस एजेंसी संचालकों ने मौके पर ही दस्तावेज पूरे कर आवेदन लिए, जिससे महिलाओं के चेहरों पर खुशी की रौनक नजर आई। वहीं कार्यक्रमों में स्वास्थ्य की जांच करवाने को बड़ी संख्या में लोग आ रहे हैं। एक ही जगह पर अनेक योजनाओं की जानकारी और पात्रता के अनुरूप लाभ मिलने से लोगों को राहत मिल रही है। गांव भाखड़ा में कार्यक्रम में पूर्व विधायक शशिरंजन परमार मुख्यतिथि के रूप में शिरकत की। कार्यक्रमों में ग्रामीणों को विकसित भारत संकल्प शपथ दिलाई। प्रधानमंत्री मोदी का सपना है कि 2047 तक भारत पूर्ण रूप से विकसित बने और इसी लक्ष्य को हासिल करने के लिए घर-द्वार पर योजनाओं का लाभ दिया जा रहा है।



**भिवानी।** विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रमों में योजनाओं का लाभ लेते ग्रामीण।

#### शुगर व बीपी की जांच

कार्यक्रम में आई पुष्पलता, मंजू, प्रवीण कुमारी और सुमन ने बताया कि उन्हें कार्यक्रम के बारे में जानकारी मिली थी। उन्होंने गैस कनेक्शन के लिए आवेदन किया है, उनके मौके पर सारे जरूरी कागजात लिए और उन्हें कहीं भी बाहर नहीं जाना पड़ा, इससे उनको सारी परेशानी दूर हुई है। भूरो, सीमा, कविता, गुड्डी ने उज्ज्वला योजना के तहत आवेदन किए।

#### सब्सिडी की दी जानकारी

नागरिकों को आयरन युक्त भोजन लेने का आह्वान किया। बागवानी विभाग व कृषि विभाग द्वारा किसानों के लिए चलाई जा रही सब्सिडी योजनाओं के बारे में बताया ताकि अधिक से अधिक किसान योजनाओं का लाभ उठा सके। समाज कल्याण विभाग द्वारा पेंशन योजनाओं की जानकारी दी।

### पूरे विश्व में सबसे पवित्र ग्रंथ हैं श्रीमद्भागवत गीता

**भिवानी।** हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड भिवानी द्वारा जिला स्तरीय अंतर्राष्ट्रीय गीता जयंती महोत्सव कार्यक्रम धूमधाम से मनाया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला शिक्षा अधिकारी नरेश मेहता ने की। कार्यक्रम का शुभारंभ बोर्ड के विशेष कार्याधिकारी अध्यक्ष विपिन कुमार ने किया। जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी संतोष नागर, नोडल ऑफिसर एवं सर्वपल्ली राधाकृष्णन स्कूल की प्राचार्या मीनाक्षी तथा भिवानी के खंड लोहारू, कैरू, तोशाम, बहल व सिवानी के प्रतिभागियों ने भाग लिया। कार्यक्रम की शुरूआत मां सरस्वती वंदना एवं पुष्पम के बाद गीता के शखेक उच्चारण के साथ की। मुख्यतिथि के रूप में बोर्ड सचिव ज्योति मित्तल ने शिरकत की।

---

## स्टंट कर विद्यार्थियों को बताए नशे के दुष्प्रभाव

- युवा पीढ़ी को नशे की गर्त से निकालना जरूरी : पहलवान

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भिवानी

देश की युवा पीढ़ी को नशे के दलदल से बाहन निकालने के लिए विश्व रिकॉर्ड धारी स्टील मैन पहलवान बिजेंद्र सिंह पर ऐसा नशा छाया हुआ है कि वे जानलेवा खतरनांक स्टंट कर युवाओं को नशे से दूर रखने का संदेश देते है। इसी कड़ी में वीरवार को अखिल भारतीय युवा जनकल्याण संगठन के अध्यक्ष पहलवान बिजेंद्र सिंह ने बवानीखेड़ा सिटी सीनियर सैकेंडरी स्कूल में शक्ति प्रदर्शन किया तथा 70 किलोग्राम के युवक को दांतों से उठाकर दौड़ लगाई। पहलवान बिजेंद्र ने 15 किलोग्राम वजन को आंखों से उठाने, अलग-अलग भार वर्गो के 20 बच्चों को दांतों से झूला झुलाने जैसे खतरनांक स्टंट किए तथा विद्यार्थियों को नशे व फास्ट फूड से दूर रहने का संदेश दिया। कार्यक्रम में करीबन 1200 विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया। उन्होंने विद्यार्थियों को नशे से दूर रहने की शपथ दिलाई व नशे के दुष्प्रभाव बताते पंपलेट भी वितरित किए। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य मनमोहन सिंह, निदेशक मनोज यादव व जितेंद्र ने की। विद्यार्थियों को नशे के दुष्प्रभाव बताते हुए पहलवान बिजेंद्र ने कहा कि नशा न केवल एक सामाजिक बुराई, बल्कि अपराध व बबार्दी की जड़ भी है। नई पीढ़ी में तो नशाखोरी की प्रवृत्ति दिन-प्रतिदिन बढ़ती जा रही है। नशे के कारण युवा विनाश की ओर जा रहे हैं। नशे की ओवरडोज के कारण रोजाना किसी ना किसी घर का चिराग बुझता रहता है।



**भिवानी।** बच्चे को दांतों से उठाता पहलवान बिजेंद्र सिंह, बच्चे को दांतों से झूला झुलाता पहलवान बिजेंद्र सिंह।

## खेल प्रतिभाओं को किया सम्मानित

- दो दिवसीय खेल प्रतियोगिता हुई सम्पन्न

हरिभूमि न्यूज ▸▸ चरखी दादरी

कान्हड़ा स्थित श्रीराम पब्लिक स्कूल में दो दिवसीय खेल महोत्सव के दूसरे दिन थ्रो बॉल, बैडमिंटन व रस्साकसी आदि प्रतियोगिताएं हुई, जिसमें विद्यालय के सभी बच्चों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। कक्षा तीन से पांच तक रस्साकसी में हिमालय सदन प्रथम रहा। छठी से आठवीं तक रस्सा कसी में नीलगिरी सदन प्रथम स्थान पर रहा। नौवीं से 12वीं तक रस्सा कस्सी में नीलगिरी सदन विजेता रहा। कक्षा 6 से 8 तक बैडमिंटन में प्रथम साक्षी, द्वितीय समीक्षा व तृतीय स्थान पर सोनाक्षी रही। कक्षा 9 से 12 तक बैडमिंटन में प्रथम कोमल, द्वितीय दीपिका व तृतीय स्थान पर गरिमा रही। थ्रो बॉल में कक्षा 9 से 12 तक शिवालिक सदन विजेता रहा। खेल महोत्सव के समापन समारोह के अंत में छात्रा महक ने शानदार हरियाणवी नृत्य की प्रस्तुति दी। 7वीं के बच्चों ने सभी खेलों के महत्व को बताते हुए एक एक्ट प्रस्तुत किया। दो दिवसीय खेल प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर आने वाले प्रतिभागियों को गोल्ड मेडल, द्वितीय स्थान पर आने वालों को सिल्वर मेडल व तृतीय स्थान पर आने वालों को ब्रॉन्ज मेडल सम्मानित किया। खेल महोत्सव में भाग लेने वाले सभी प्रतिभागियों व प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान पर आने वाले विजेताओं को प्रमाण-पत्र वितरित किए।



**चरखी दादरी।** विजेता विद्यार्थियों को पुरस्कृत करते अतिथि।

---

### लोगों को एड्स के प्रति किया जा रहा जागरूक : डॉ. शांडिल्य

# भिवानी जिले में 2147 एड्स के मरीज : डॉ. रघुबीर

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भिवानी

विश्व एड्स दिवस पखवाड़ा दिसंबर माह में मनाया जा रहा है। जिसके तहत अलग-अलग विभागों के सहयोग से लोगों को एड्स के प्रति जागरूक किया जा रहा है। लोगों को सुरक्षित यौन संबंधों की जानकारी दी जा रही है, ताकि लाईलाज एड्स संक्रमण से बचा जा सका। ये जानकारी सिविल सर्जन डॉ. रघुवीर शांडिल्य ने चौधरी बंसीलाल सामान्य अस्पताल में पत्रकारवार्ता में दी। उन्होंने बताया कि एड्स के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए स्कूलों, कॉलेजों, बस स्टैण्ड, रेलवे स्टेशन, अन्य भीड़ वाले स्थानों, जिला जेल भिवानी व अन्य विभागों के सहयोग से तथा जिला के सभी सीएचसी और पीएचसी पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं ताकि लाईलाज एड्स संक्रमण से बचा जा सका। डॉ. शांडिल्य ने बताया कि प्रदेश में 40 हजार तथा जिले में 2147 एड्स के मरीज हैं। कोई भी एचआईवी मरीज अपनी दवाई को बीच मे ना छोड़े व अपनी दवाई का पूरा कोर्स शत प्रतिशत अवश्य करें क्योंकि अगर कोई भी मरीज दवाई को नियमित प्रकार से नही लेता है तो मरीज की बीमारी कम होने की बजाय बढ़ने लग जाती है जिससे स्वयं मरीज को भी परेशानी होती है।




**भिवानी।** जानकारी देते सीएमओ डॉ. शांडिल्य व उपसिविल सर्जन डॉ. सुमन।

#### भिवानी में 415 एचआईवी मरीजों को मिल रही पेंशन

सीएमओ ने बताया कि प्रत्येक एचआईवी पॉजिटीव मरीज के लिंए सरकार द्वारा प्रतिमाह 2250 रुपये दिये जा रहे है, इसमें पेंशन के तौर पर मरीज की सालाना आय एक लाख 80 हजार होनी चाहिए, जिसके लिए जिला भिवानी में अभी तक 415 एचआईवी पॉजिटीव मरीजों को पेंशन मिल रही है। सभी मरीजों को उनके खाते में ये राशि दी जाती है। वहीं सरकार गाइड लाइन अनुसार इस श्रेणी में जो पात्र मरीज बाकि है उन सभी मरीजों की पेंशन जल्द देने का हमारा प्रयास है।

#### पीड़ित मरीजों से न बनाएं दूरी

उपसिवलि सर्जन डॉ. सुमन विश्वकर्मा ने छात्रों को बताया कि बीमारी का इंफक्शन किसी को भी हो सकता है, ऐसे में उन व्यक्तियों से दूरी न बनायें, उन्हें ये न लगे कि वे समाज से बिल्कुल अलग है, इसके प्रति हम सबको मिलकर लड़ाई लड़नी होगी ,तभी हम इस बीमारी को भगा सकते है। उन्होनें बताया कि जिले में स्वास्थ्य विभाग की ओर से सामान्य अस्पताल सहित सात आईसीटीसी बनाए हुए है।

### एनडीए में चयन होने पर किया सम्मान



**भिवानी।** हलवासिया विद्या विहार की प्रार्थना सभा में विद्यालय के पुरातन छात्र प्रियम साहू का गत वर्ष एनडीए में चयन हुआ था। वर्तमान में वे एनडीए के दूसरे साल का प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं। माध्यमिक विभाग प्रमुख सुवीरा गर्ग ने नेशनल डिफेंस एकेडमी की जानकारी देते हुए छात्रों को बताया कि नेशनल डिफेंस एकेडमी के जरिए इंडियन आर्मी, नेवी व एयरफोर्स में उत्तीर्ण प्रतिभागियों को ही लिया जाता है। उन्होंने बताया कि प्रियम मेधावी छात्र रहे हैं, वे जीके क्विज में राज्य स्तर पर राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय से सम्मानित भी हो चुके हैं। उन्होंने बताया कि एनडीए के चयन के लिए उन्होंने कितनी मेहनत व संघर्ष किया। साहू ने विद्यार्थियों को बताया कि जो विद्यार्थी एनडीए में जाना चाहते हैं, उन्हें कक्षा ग्यारहवीं व बारहवीं में फिजिक्स व मैथमेटिक्स पर अधिक ध्यान देना चाहिए। उन्होंने विद्यार्थियों को विद्यार्थी जीवन में समय का सही सदुपयोग करने व मोबाइल का सही उपयोग करने की सलाह दी। प्राचार्य विमलेश आर्य ने प्रियम को एनडीए में चयनित होने की उपलब्धि पर बधाई दी। विद्यार्थियों ने प्रियम साहू से एनडीए की लिखित परीक्षा की जानकारी के लिए विभिन्न प्रश्न पूछकर अपनी जिज्ञासा को शांत किया। प्राचार्य विमलेश आर्य, वरिष्ठ विभाग प्रमुख एलेग्जेंडर दास, राजेंद्र नरूला व सुवीरा गर्ग व आचार्य पुनीत पुरुथी ने प्रियम को पट्टिका पहनाकर पुष्पगुच्छ, श्रीमद्भागवत गीता व स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया।

### धोखाधड़ी से गाड़ी हड़पने का आरोपी गिरफ्तार

**कोसली।** थाना कोसली पुलिस ने धोखाधड़ी से गाड़ी हड़पने के आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी से पूछताछ शुरू कर दी है। गत 1 जून को पुलिस कमिश्नर के आदेश पर पुलिस ने नया गांव निवासी राजेंद्र की शिकायत पर महेंद्रगढ़ के वार्ड नं. 19 निवासी गौतम जिंदल के खिलाफ केस दर्ज किया था।

**सूचना**

मैं, रमेश कुमार पुत्र श्री अर्जुन दास निवासी गांव जमालपुर तहसील बवानी खेड़ा व जिला भिवानी बयान करता हूं कि मेरी पुत्री ममता मेरे कहने-सुनने से बाहर है। इसलिये मैं इसको अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूं। इससे लेन-देन, व्यवहार करने वाला स्वयं जिम्मेवार होगा। मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

## विद्यार्थियों को शोध रुचि विकसित करने को किया प्रेरित

लोहारू। चौधरी बंसीलाल राजकीय महाविद्यालय इतिहास विभाग द्वारा बृहस्पतिवार को संगोष्ठी का आयोजन किया गया, जिसमें एमए इतिहास के विद्यार्थियों ने अलग-अलग विषयों पर अपने शोध की प्रस्तुती दी। इस बारे में जानकारी देते हुए प्राचार्य डॉ. सुखवीर सिंह ने बताया कि विश्वविद्यालय द्वारा एमए के विद्यार्थियों के लिये सेमिनार में शोध प्रस्तुत करना अनिवार्य किया गया,जिसमें स्वयं प्राचार्य के अलावा प्रोफेसर अनिरुद्ध पूनियां, डॉ. सीमा काजल व मंजू ने विद्यार्थियों का विषयवस्तु और प्रस्तुतीकरण के आधार पर मूल्यांकन किया। इस अवसर पर एमए इतिहास के सभी विद्यार्थी उपस्थित रहे।

# कस्बे में खेल स्टेडियम न होने के कारण प्रतिभाएं तोड़ रहीं दम

दीपक कुमार डुमड़ा ⏭ बवानीखेड़ा




बवानीखेड़ा। पहले से वाल्मीकि स्टेडियम के नाम से स्थापित बोर्ड। फोटो : हरिभूमि

- कस्बावासी लंबे समय से कर रहे हैं स्टेडियम की मांग

बवानीखेड़ा कस्बा की हजारों की आबादी होने पश्चात भी खेल स्टेडियम नहीं है, जबकि छोटी छोटी पंचायतों में विराट खेल स्टेडियम मौजूद है, इसे कस्बा का दुर्भाग्य कहें या कुछ नेताओं की तुच्छ सोच, किसकारण कई बार योजनाएं, रेजूलेशन होने पश्चात भी कार्य सिरे नहीं चढ़ पाया। खेल स्टेडियम न होने की कस्बावासियों के लिए टीस हैं, कि खेल प्रतिभाएं अभाव में दम तोड़ रही हैं। हर बार चुनावों में इसका मुद्दा उठता है, जगह निर्धारित होती है, स्टेडियम को पास भी किया जाता है या तो काम शुरू नहीं होता। उल्लेखनीय हैं कि बवानीखेड़ा विधानसभा क्षेत्र से चुनाव चुने जाने के बार अनेक मंत्री राजनीति में चमके, लेकिन क्षेत्र की खेल प्रतिभाओं के लिए कुछ अच्छा नहीं किया। कई बार राजनीति हावी हो जाती है, काम भी चालू हुआ तो कहीं कार्य किसी अड़चन के कारण अटक गया। बस युवा प्रतिभाएं स्टेडियम न होने के चलते दम तोड़ देती है, जिससे जोर का झटका धीरे से लगता है। सरकार ने जिस प्रकार से उपमंडल पर गौर किया, फिर पंचायतों की मनाही के चलते अधर में अटक गया। इसी प्रकार प्रतिभाओं को देखते हुए खेल स्टेडियम पर भी गौर तो हुआ पर सिरे नहीं चढ़ा।

### जल्द होगा निर्माण

खेल स्टेडियम को लेकर हल्का विधायक बिशंबर वाल्मीकि ने बताया कि सरकार खिलाड़ियों की प्रतिभा को हमेशा उबारने का कार्य करती है। मुख्यमंत्री व खेल मंत्री से मांग करेंगें की बवानी खेड़ा में एक नहीं एक से अधिक खेल स्टेडियम बनाया जाएं ताकि हमारी प्रतिभाएं दम न तोड सकें।

### बिजली घर के समीप हुआ पास व फिर लगे ब्रेक

जमालपुर रोड पर विवादित मामले को लेकर फिर से बिजलीघर के पास स्टेडियम को हरी झंडी मिली, जिस पर करोड़ों रूपयों की लागत आनी थी और राशि भी जारी हुई, लेकिन कोई तकनीकी खामी के चलते फिर ब्रेक लग गया, जिसकारण बिजली की हाईवोल्टेज तारों का गुजरना व अन्य कारण बताए गए। खेल स्टेडियम न होने के चलते युवा खिलाड़ियों की प्रतिभाएं दम तोड़ रहीं हैं।

### बिजलीघर के पास था स्टेडियम

बवानीखेड़ा के बिजलीघर के पास वर्षों पहले वाल्मीकि स्टेडियम में युवा प्रतिभा का दमखम दिखाते थे और कई वर्षों तक उसका बोर्ड भी लगा रहा। बाद में उसके स्थान पर नियमित रूप से स्टेडियम बनाने की बात चली और हर्बल पार्क की भी बात सामने आई, लेकिन वह हर्बल पार्क बवानीखेड़ा की बजाय कहीं और चला गया और यहां के हिस्से स्टेडियम तो आया लेकिन वे जमालपुर मार्ग पर बनना सुनिश्चित हुआ, वजह कुछ रही हो पर ये बन नहीं पाया।

### अभ्यास करने आते हैं सैकड़ों युवा

युवाओं ने स्वयं व समाजसेवियों के खर्च पर अनाजमंडी के समीप खेल मैदान की व्यवस्था की गई है, जिसमें हनुमान पारासर, सुरेश ओड, महाबीर सिंह, प्रवीण हंस सहित सैंकड़ों युवाओं व समाजसेवियों ने इसकी कुछ व्यवस्था की, ताकि खिलाड़ी अभ्यास कर सकें। युवाओं द्वारा खेल स्टेडियम को लेकर पिछले दिनों भी इसी को लेकर नपा सचिव को ज्ञापन सौंपा गया था, जिन्होंने आश्वासन दिया कि स्टेडियम की सुध ली जाएगी, लेकिन युवाओं व कस्बावासियों का कस्बा में खेल स्टेडियम न होने को लेकर रोष बढ़ता देखा जा सकता है।

# गीता जयंती महोत्सव पर हनुमान मंदिर जोहड़ी धाम में होगा दीपोत्सव

- एक हजार से अधिक महिलाएं एवं पुरुष जलाएंगे दीप
- जिला मुख्यालय पर 22 व 23 को होगा गीता जयंती का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी

जिला मुख्यालय पर अंतरराष्ट्रीय गीता जयंती महोत्सव 22 व 23 दिसंबर को किरोड़ीमल पार्क में आयोजित किया जाएगा।

गीता जयंती महोत्सव पर हनुमान मंदिर जोहड़ी धाम में सांय पांच बजे दीपोत्सव का आयोजन होगा, जिसमें एक हजार से अधिक महिला एवं पुरूष दीप जलाएंगे। इसके अलावा शहर के अन्य धार्मिक स्थलों पर भी दीपोत्सव का आयोजन किया जाएगा। गीता जयंती महोत्सव में अलग-अलग विभागों, धार्मिक व सामाजिक स्थानों द्वारा स्टाल लगाई जाएंगी। महोत्सव की तैयारियों के बारे में जानकारी देते हुए नगराधीश हरबीर सिंह ने बताया कि सामाजिक, धार्मिक संस्थाओं व नागरिकों के सहयोग से गीता जयंती महोत्सव धूमधाम से मनाया जाएगा।

महोत्सव में आमजन के साथ-साथ सामाजिक व व्यापारिक संस्थाओं तथा शहर के प्रबुद्ध नागरिकों का सहयोग लिया जाएगा। उन्होंने बताया कि दो दिन तक चलने वाले इस गीता जयंती महोत्सव में विभिन्न स्कूली बच्चों व कलाकारों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुती दी जाएगी। उन्होंने बताया कि 22 दिसंबर को हवन व गीता पूजन के साथ गीता जयंती का शुभारंभ होगा। गीता के विद्वान एवं मनीषियों द्वारा हवन के दौरान गीता पर आधारित शखकोचारण किया जाएगा।

### संस्थाएं लगाएंगी स्टॉल

उन्होंने बताया कि 22 व 23 दिसंबर को दोनों दिन विभिन्न विभागों व सामाजिक एवं धार्मिक संस्थाओं की स्टॉल के माध्यम से प्रदर्शनी तथा सांस्कृतिक कार्यक्रम होंगे। 23 दिसंबर को सांस्कृतिक कार्यक्रमों के अलावा सांय पांच बजे दीपोत्सव मनाया जाएगा। मुख्यरूप से स्थानीय हनुमान मंदिर जोहड़ी धाम में सांय पांच बजे दीपोत्सव का आयोजन होगा, जिसमें एक हजार से अधिक महिला एवं पुरूष दीप जलाएंगे।

### ये रहेगा शोभायात्रा का रूट

गीता जयंती महोत्सव में विभिन्न स्कूलों व धार्मिक-सामाजिक संस्थाओं द्वारा 23 दिसंबर को नगर में शौभा यात्रा निकाली जाएगी। शोभायात्रा में किरोड़ीमल पार्क से शुरू होगी, जो घंटाघर चौक, हांसी गेट, बासिया भवन, लोक निर्माण विश्राम गृह, बीटीएम चौक और वैश्य कॉलेज के सामने से होती हुई वापिस किरोड़ीमल पार्क में संपन्न होगी। शौभा यात्रा के माध्यम से नागरिकों को श्रीमद्भगवत गीता में दिए गए भगवान श्रीकृष्ण के संदेश को प्रदर्शित किया जाएगा।

# दिव्यांगता की पहचान और लक्षण का लगाया साइन बोर्ड

- दिव्यांगता के प्रति क्षेत्र में लोगों को किया जागरूक

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी

राजकीय प्राथमिक पाठशाला से 21 प्रकार कि दिव्यांगता को समाज तक प्रसारण करने की अनूठी पहल का शुभारंभ दिव्यांगों के प्रति समाज को जागरूकता अनिवार्य विषय बन गए हैं, इसको ध्यान में रखते हुए राजकीय कन्या प्राथमिक पाठशाला काकड़ोली हुकमी में विकलांगता अधिकार अधिनियम 2016 को ध्यान में रखते हुए 21 प्रकार के दिव्यंगता की पहचान एवं लक्षण का साइन बोर्ड लगाकर क्षेत्र में लोगों को जागरूक करने का संदेश दिया। गुरुवार को बैनर का विमोचन राज्य दिव्यांगजन सलाहकार बोर्ड हरियाणा की सदस्य सुमन शर्मा एवं खंड संशोधन अध्यापक विजय शर्मा ने किया। खंड संसाधन अध्यापक विजय शर्मा ने बताया की स्कूल के मुख्याध्यापक एवं स्टाफ का दिव्यांगजनों के प्रति सकारात्मक सोच का परिचय है। मेरा सुझाव एवं प्रयास रहेगा कि ऐसे साइन बोर्ड हम अपने सहयोग से स्कूल और शारीरिक स्थान पर लगाए, ताकि समाज दिव्यांगो प्रति जागरूक हो। राज्य दिव्यांगजन सलाहकार बोर्ड की सदस्य सुमन शर्मा ने बताया विद्यालय की वास्तव में अनूठी सोच है, ताकि दिव्यांग एवं उनके अभिभावक अपने आपको हीन न समझे। इस साइन बोर्ड के माध्यम से स्पष्ट तौर पर पता चलेगा कि दिव्यांगता के लक्षण और जागरूकता फैलेगी। संस्था के मुख्याध्यापक सुरेश सिंह ने बताया कि हम शिक्षित वर्ग समाज की मुख्य कड़ी है और इस गतिविधि को आगे बढ़ाना हमारा मुख्य दायित्व है, ताकि दिव्यांग शिक्षा से जुड़कर आत्मनिर्भर बनकर समाज की मुख्य धारा में आ सके। कार्यक्रम में सुरेश सिंह, मास्टर संजय मास्टर, रविंद्र कुमार एवं दिव्यांग बच्चों और अभिभावक उपस्थित रहे।



भिवानी। राजकीय प्राथमिक पाठशाला में दिव्यांगता की पहचान एवं लक्षण का साइन बोर्ड लगाते अतिथि।

## बिचला बाजार में लक्ष्मी साड़ी से 18 लाख 70 हजार व रवि गारमेंटस से 12 हजार रुपये चुराए

# शहर थाने से मात्र 100 मीटर दूरी पर चोरों ने दो दुकानों के गल्ले खंगाले

- दुकान की छत पर सीढ़ियों की गुमटी का दरवाजा उखाड़कर चोर घुसे अंदर
- दुकान में लगे हैं करीब 10 सीसीटीवी कैमरे, जाते समय कैमरे बंद करने से नहीं आ सकी फुटेज

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी







भिवानी। लक्ष्मी साड़ी शॉप का टूटा गल्ला , अलमारी का ताला व घटना के बाद जमा दुकानदार और लक्ष्मी साड़ी शॉप की गुमटी का क्षतिग्रस्त किया गया दरवाजा। तथा लक्ष्मी साड़ी शॉप पर जांच करते पुलिसकर्मी। फोटो : हरिभूमि

बिचला बाजार में शहर पुलिस थाने से महज 100 मीटर दूरी पर चोरों ने दो दुकानों में चोरी की घटना को अंजाम दिया और एक दुकान के गल्ले से 18 लाख 70 हजार रुपये और दूसरी दुकान के गल्ले में रखे करीब 12 हजार रुपये की नकदी चुरा ली। चोरी की घटना की सूचना मिलने पर शहर थाना पुलिस ने मौका मुआयना किया और एफएसएल टीम को बुलाकर सैंपल दिए गए। वहीं शहर पुलिस थाने के नजदीक दुकान में चोरी होने पर दुकानदारों में भय और बाजार में चर्चा का विषय बना हुआ हैं। उल्लेखनीय हैं कि बिचला बाजार शहर का हर्ट माना जाता हैं और बाजार के बीच शहर पुलिस थाना होने से दुकानदार व व्यापारी खुद व व्यापार को काफी सुरक्षित मानते हैं और उसी सुरक्षित और पुलिस की नाक के नीचे अगर चोरी की इतनी बड़ी घटना घट जाए तो ये हर किसी के लिए अविश्विनीय सी बात हैं। बुधवार रात को शहर थाना पुलिस से महज 100 मीटर दूरी स्थित लक्ष्मी साड़ी में चोरों ने चोरी की घटना को अंजाम दिया। दुकान मालिक सुमित केड़िया ने बताया कि हम बुधवार शाम करीब सवा आठ बजे दुकान बंद करके घर गए थे। गुरुवार को सुबह आकर दुकान खोली तो गल्ले व अलमारी का सामान बिखरा पड़ा था। इसके बाद तुरंत पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने मौके पर आकर मुआयना किया और फोरेंसिक टीम बुलाकर सैंपल लिए गए।





भिवानी। गारमेंट्स शॉप में चोरी की घटना के बारे में बताते दुकानदार तथा चोरी की घटनाओं के विरोध में नोरबाजी करते व्यापारी।

### दूसरी मंजिल पर गुमटी का दरवाजा तोड़कर घुसे

सुमित ने बताया कि उनकी दो दुकाने हैं तथा दिनभर की बिक्री के 18 लाख 70 हजार रुपये अलमारी में रखे थे, जिनको सुबह बैंक में जमा करवाकर चैक के माध्यम से पेमेंट करनी थी, जो चोरी हो गए। सुमित ने बताया कि दुकान की दूसरी मंजिल पर बनी गुमटी का चोरों ने दरवाजा क्षतिग्रस्त कर दिया और दुकान में घुस गए। चोरों ने दुकान में लगे कुछ सीसीटीवी कैमरों की साइड बदल दी और कुछेक को क्षतिग्रस्त कर दिया। इसके बाद चोरों ने दुकान के गल्ले के पास बनी अलमारी का ताला तोड़कर उसमें रखे 18 लाख 70 हजार रुपये चुरा लिए।

### करीब 12 हजार रुपये का नुकसान

दुकानदार रवि ने बताया कि उन्होंने शॉल, जर्सी व सर्दी का अन्य सामान बेचने के लिए दुकान किराये पर ले रखी हैं। हमारी दुकान के पीछे खाली प्लॉट हैं और हमारी दुकान की सीढ़ियों में लगे फट्टे को हटाकर चोर दुकान घुसे होंगे, क्योंकि शट्टर व ताले को कोई नुकसान नहीं हुआ हैं। चोरों ने सीढ़ियों के रास्त दुकान में घुसकर गल्ले में रखी करीब चार हजार रुपये की नकदी तथा दराज में रखे पर्स से आठ हजार रुपये चुरा लिए।

### चोरी की घटनाओं को लेकर व्यापारियों ने की नारेबाजी, सड़क जाम करने की चेतावनी

भिवानी व्यापार मंडल के अध्यक्ष जेपी कौशिक ने कहा कि आए दिन शहर में चोरियों हो रही हैं। गत चार दिन पहले नया बाजार में जिंदल सेंट्री स्टोर, पवन पेंटस सहित चार दुकानों में चोरी हुई थी और आज शहर थाने के महज कुछ ही दूरी पर दो दुकानों में चोरी की घटना घटी हैं और एक दुकान से 18 लाख 70 हजार रुपये व दूसरी से 12 हजार रुपये चोरी हुए हैं, जिसकों लेकर व्यापारियों में रोष व्याप्त है। सभी व्यापारियों ने घंटाघर पर एकत्रित होकर प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी की। इसके बाद में दुकानदार व व्यापारियों का प्रतिनिमंडल प्रधान कौशिक के नेतृत्व में पुलिस थाने पहुंचा और पुलिस अधिकारियों से बातचीत कर शहर के अंदर बढ़ रही चोरी की वारदातों पर अंकुश लगाने की मांग की। उन्होंने पुलिस प्रशासन से दो टूक शब्दों में कहा कि अगर जल्द ही चोरों को पकड़कर सामान की बरामदगी नहीं की तो वे बाजार बंद कर सड़क पर उतरेंगे। इस मौके पर दीपक, सुमित, अमित, राजेश, जेपी शर्मा, रमेश, रवि, आरसी प्रधान आदि मौजूद थे।

### एसडीएम ने मतदान केंद्रों का किया निरीक्षण

चरखी दादरी दादरी। विधानसभा क्षेत्र के निर्वाचक पंजीयन अधिकारी एवं एसडीएम नवीन कुमार लगातार विधानसभा के मतदान केन्द्रों का दौरा करके व्यवस्थाओं को चैक कर रहे हैं। एसडीएम की ओर से मतदान केन्द्रों के अंदर सामने आ रही कमियों को दूर करने के लिए भी आदेश दिए जा रहे हैं। इस कड़ी में एसडीएम जिले के छपार, रासीवास, पेंतावास खुर्द व डोहकी आदि गांव में बनाए गए मतदान केन्द्रों पर पहुंचे और वहां पर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। एसडीएम ने मौके पर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्रत्येक मतदान केन्द्र पर निर्वाचन आयोग की ओर से निर्धारित मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध करवाई जानी हैं।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो वह निम्न टेलीफोन नम्बरों पर कार्यालय समय पर सूचित करें :-
हरिभूमि, शॉप नं. 47, इम्प्रूवमेंट ट्रस्ट मार्केट, भिवानी
फोन नं. : 01664-252933, 8295157800, 8814999151, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।



हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5×8 सें.मी<br>10× 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2000/-<br>रु. 2500/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
भिवानी : हरिभूमि, शॉप नं. 47, इम्प्रूवमेंट ट्रस्ट मार्केट, भिवानी
फोन : 8814999170, दादरी : 9253681008

# श्लोगन लेखन प्रतियोगिता में नैंसी प्रथम

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी



भिवानी। शिक्षकों के साथ पेंटिंग बनाने वाली छात्राएं। फोटो : हरिभूमि

- सीबीएलयू में मनाया राष्ट्रीय ऊर्जा संरक्षण दिवस

चौधरी बंसीलाल विश्वविद्यालय के बॉटनी विभाग द्वारा राष्ट्रीय ऊर्जा संरक्षण दिवस मनाया।

इस कार्यक्रम के उपलक्ष में स्लोगन एवं प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया, जिसमें विवि के विभिन्न विभागों से प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर राजकुमार मित्तल, कुलसचिव ऋतु सिंह, डीन लाइफ साइंसेज प्रोफेसर ललिता गुप्ता एवं विभागाध्यक्ष वनस्पति विभाग प्रोफेसर संजीव कुमार के मार्गदर्शन में किया गया। प्रोफेसर ललित गुप्ता ने बताया कि किस प्रकार संसाधनों का उचित उपयोग व्यक्तित्व, सामाजिक और राष्ट्रीयहित में है। कार्यक्रम के दौरान सभी प्रतिभागियों और उपस्थित अतिथि गणों एवं विद्यार्थियों को एक डॉक्यूमेंट्री के द्वारा ऊर्जा संरक्षण का संदेश दिया। स्लोगन लेखन प्रतियोगिता के लिए डॉ. कौशल सांगी, डॉ. पवन कादयान एवं डॉ. निती ने बतौर जज शिरकत की, जिसमें नैंसी प्रथम, हिना द्वितीय, मनीषा एवं अंशुल ने तृतीय स्थान हासिल किया। इसके पश्चात ऊर्जा संरक्षण पर प्रश्नोत्तरी का आरंभ किया,जिसमें पांच टीमों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। विजेता टीम में वनस्पति विभाग के तीसरे सेमेस्टर की छात्राएं अंकिता, अनीता और सुरुचि रहे।

# पीपल की टहनियां काटने पर जताया रोष

- पीपल का पेड़ 24 घंटे ऑक्सीजन, पक्षियों-पशुओं व मनुष्य को देता छाया : रामकिशन

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी





भिवानी। पीपल के पेड़ की टहनिया काटने के संबंध में चर्चा करते रामकिशन शर्मा व अन्य क्षेत्रवासी तथा पीपल की काटी गई टहनिया दिखाते हुए। फोटो : हरिभूमि

सेक्टर के साथ लगते पार्क में पीपल के पेड़ से मोटी टहनियां काटने के विरोध में सामाजिक संगठनों के पदाधिकारियों ने दी भिवानी रेजिडेंट वेलफेयर एसोसिएशन के प्रधान एवं आजीवन उपलब्धि पुरस्कार प्राप्त रामकिशन शर्मा की अध्यक्षता में बैठक की। रामकिशन शर्मा ने कहा कि सेक्टर 13 स्थित पार्क में दो पीपल के पेड़ हैं, इसके पास ही सामाजिक व्यक्तियों व महिलाओं ने पक्षियों के दाने का प्रबंध किया जाता है। पक्षी पीपल से खुराक प्राप्त करते हैं और उनका ये रेन बसेरा भी है। गुरुवार प्रातः पार्क में पीपल की मोटी टहनियां कटी हुई देखी, जो अत्यंत दुःख की बात है। पीपल का पेड़ 24 घंटे ऑक्सीजन देता है तथा पक्षियों के लिए बरमंटी, मानव व पशुओं के लिए छाया देता है, यहां तक कि कोरोनाकाल में लोग पीपल के नीचे ऑक्सीजन के लिए निवास करते रहे हैं, उसे काटना व छांगना गलत है।

## फरवरी में महासम्मेलन, जहरमुक्त खेती का होगा आगाज : बंसल

# हर रसोई तक जहरमुक्त खेती पहुंचाने की होगी शुरुआत

- गुजरात के राज्यपाल आचार्य देवव्रत महासम्मेलन में होंगे मुख्यतिथि

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी

शहर के प्रत्येक घर की रसोई तक जहर मुक्त खादय पदार्थ पहुंचाने एवं पर्यावरण की शुद्धि को लेकर भिवानी के व्यापारियों ने कमर कस ली है। इस मुहिम को सिरे चढ़ाने के लिए प्रदेश के प्रमुख व्यापारी नेता दीपक बंसल के नेतृत्व में व्यापारियों का प्रतिनिधिमंडल देशभर में प्राकृतिक एवं जहर मुक्त खेती की अलख जगाने वाले गुजरात के राज्यपाल आचार्य देवव्रत से मिला और उन्हें भिवानी में जहर मुक्त खेती के लिए सम्मेलन का निमंत्रण दिया। गौरतलब होगा कि भिवानी व चरखी दादरी जिलो में दिन प्रतिदिन कैंसर के मरीजों की संख्या बढ़ते हुए भयावह रूप धारण कर रही है। तेजी से फैल रहे कैंसर के लिए खादय पदार्थों में कीटनाशक व यूरिया आदि की अधिक मात्रा बताई जा रही है। खादय पदार्थों में रासायनिक तत्वों को कम करने के लिए भिवानी के व्यापारियों ने बीड़ा उठाया है। व्यापारी नेता बंसल व आदित्य ने बताया कि भिवानी निवासियों को कीटनाशकों व रासायनिक तत्वों से हो रहे नुकसान से अवगत करवाया जाएगा और जहर मुक्त प्राकृतिक खेती के लिए प्रेरित किया जाएगा, ताकि हर घर रसोई में जहरमुक्त दालें, गेहूं, चावल, गुड़, चीनी व सब्जियां पहुंचे। उन्होंने कहा कि इस मुहिम के तहत फरवरी माह में भिवानी में एक व्यापारी, किसान व नागरिक महासम्मेलन आयोजित किया जाएगा जिसमें राज्यपाल आचार्य देवव्रत को विशेषतौर पर आमंत्रित किया गया है।



भिवानी। आचार्य राज्यपाल देवव्रत को निमंत्रण देते व्यापारी नेता दीपक बंसल व आदित्य शर्मा।

### शहर की 101 सामाजिक संस्थाओं व किसानों की बुलाई जाएगी बैठक

बंसल ने कहा कि महासम्मेलन में आचार्य देवव्रत उपस्थितजनों को जहर मुक्त प्राकृतिक खेती के बारे में विस्तार से बताएंगे और खेती की इस्तेमाल के फायदे व तरीके बताऐंगे। बंसल ने कहा कि आचार्य देवव्रत ने उनका निमंत्रण स्वीकार किया है और शीघ्र ही महासम्मेलन की तिथियां तय कर दी जाएंगी। महासम्मेलन से युवाओं, छात्रों, गृहणियों, चिकित्सकों आदि को भी जोड़ा जाएगा। उन्होंने कहा कि शीघ्र ही शहर की 101 सामाजिक संस्थाओं व किसानों की बैठक बुलाकर पूरे कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार की जाएगी।

### कर्म का फल जरूर मिलेगा : सावित्री

भिवानी। व्यक्ति का कर्म अच्छा हो या बुरा हो, उसको उसका फल जरूर मिलता है। अच्छे फल के लिए अच्छे कर्म और बुरे फल के लिए बुरे कर्म। इसलिए जो व्यक्ति जैसा कर्म करेगा उसी के हिसाब से उन्हें उनका फल मिलता है, देर से सही फल उसे कर्मों के अनुसार जरूर मिलता है, उपरोक्त विचार सदाचारी शिक्षा समिति व नेताजी सुभाषचंद्र बोस युवा जागृत सेवा समिति द्वारा विवेकानंद हाई स्कूल में 17 दिवसीय गीता जयंती महोत्सव में उपस्थित विद्यार्थी व शिक्षकों को संबोधित करते हुए विद्यालय की संचालिका सावित्री यादव ने व्यक्त किये। उन्होंने कहा कि विद्यार्थी जीवन में भी गीता का बड़ा महत्व है । इसलिए विद्यार्थी गीता के हर श्लोक से अपने जीवन में आगे बढ़ने की प्रेरणा लें। गीता श्लोक पर कहा कि श्रीमद्भागवत गीता में कृष्ण के उपदेशों का वर्णन है।